

## गुस्ताखी माफ

क्या दे पाती नौकरी, सही किया दी छोड़।
हेरा-फेरी ठगी में, डेली बनें करोड़।
डेली बनें करोड़, व्यर्थ ही करी पढ़ाई।
बनकर इंजीनियर, हाथ क्या आया भाई।
कह साहिल कविराय, सेलरी रुक-रुक आती।
सही किया दी छोड़, नौकरी क्या दे पाती।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 122 | WEDNESDAY 13-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## हाई प्रोफाइल ऐशगाह विवाद : बाहुबली ने निगम की नाक तले 12 साल से सरकारी जगह से ही भर डाला प्रॉपर्टी टैक्स, प्रशासन बेबस

### मामला : पॉश इलाके सराभा नगर आई ब्लाक मार्किट की करोड़ों की सरकारी जमीन का

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। नगर निगम जोन-डी के अधीन आते वॉर्ड 55 की सराभा नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर के सामने ब्लॉक-आई की मार्केट में कुछ बाहुबलियों द्वारा सरेआम नगर निगम की करीब एक करोड़ कीमत की जमीन पर कब्जा करके ऐशगाह बना डाली। लेकिन आज तक निगम एक्शन लेकर अपनी जमींन नहीं छुड़वा सका है। इस मामले में अब हैरानीजनक खुलासे हो रहे हैं। चर्चा है कि इस सरकारी जमींन पर कब्जा करने वाले व्यक्ति मॉडल टाउन सी ब्लॉक के साहिल दुग्गल उर्फ लक्की पुत्र अरुण कुमार की और से पिछले 12 सालों से प्रॉपर्टी टैक्स भरा जा रहा है। लेकिन निगम अधिकारियों को इसका पता ही नहीं चल सका। जबकि इस मामले में सराभा नगर के हरभगत सिंह ग्रेवाल ने डेढ़ साल के दौरान पांच बार शिकायत दी। मगर निगम अफसरों ने शिकायत कभी कार्रवाई के लिए एजुकेशन विभाग को भेज दी तो कभी खुद ही टाल मटोल करके बंद कर दी। चर्चा है कि जब भी जो भी निगम अधिकारी कार्रवाई करने गया, उसे किंगपिन राजनेता ने शांत करवा दिया। इसके नतीजे में कब्जाधारियों द्वारा वहां यूआईडी नंबर भी लगा लिया है। चर्चा है कि उक्त साहिल दुग्गल पंजाब वाटर एंड सीवरेज बोर्ड विभाग का मुलाजिम बताया जाता है। लेकिन सरकारी मुलाजिम होने के बावजूद सरकारी जमींन पर ही कब्जा कर लिया जा रहा है। वहीं चर्चा है कि इस पूरे मामले में एक राजनेता किंगपिन है। वहीं एटीपी व बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारी शांत बैठे हैं। अब देखना होगा कि निगम कमिश्नर नीरू कत्याल और पार्षद अमृत वर्षा रामपाल कब्जा छुड़वा सकेगीं या नहीं।



### बिजली मीटर लगवा, जमकर चलाया जाता है एसी

पावरकॉम विभाग द्वारा वैसे किसी व्यक्ति द्वारा लीगल तरीके से अपने घर पर नया मीटर लगाना हो तो उसके लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेकिन इस मामले में पावरकॉम विभाग भी मेहरबान दिखा। विभाग द्वारा बिना सोचे समझे वहां पर बिजली मीटर तक लगा डाला। जिसके चलते कब्जाधारियों द्वारा वहां जमकर एसी चलाकर ऐश की जाती है।

### खुद एक्शन की जगह एजुकेशन विभाग को भेजी शिकायत

इस मामले में सितंबर 2024 से लेकर 2026 तक नगर निगम को ऑफलाइन 5 शिकायतें हुई। जिसमें पांचों शिकायतें बहाने बनाकर बंद कर दी गई। पांचवीं शिकायत में तो निगम ने खुद एक्शन लेने की जगह एजुकेशन विभाग को कार्रवाई के लिए भेज दी। जबकि वे मार्केट लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट ने काटी, फिर निगम को हैंडओवर की। एजुकेशन विभाग का इसमें दूर-दूर तक लेनदेन नहीं था।

### एमटीपी-एटीपी ने नहीं मानें अफसरों के आदेश

एक शिकायत में पूर्व एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा द्वारा पांच बार तब के एटीपी को उक्त अवैध कब्जा गिराने या खाली कराने के आदेश दिए। लेकिन एटीपी ने बात तक नहीं सुनी। फिर पूर्व कमिश्नर संदीप रिषी ने पूर्व एमटीपी, जो कमीशन खेल में पकड़े भी गए थे, उन्हें कार्रवाई को कहा। एमटीपी ने शिकायतकर्ता को बुलाकर कहा कि निगम की जमीन है, जब हम शोर नहीं मचाते तो तू क्यों शोर मचा रहा है। फिर कंप्लेंट बंद कर दी।

### एमटीपी के आदेश, फिर भी हैड ड्राफ्टमैन ने रिपोर्ट की बंद

इस मामले में सितंबर 2024 में शिकायत करने पर एक्सियन बलविंदर सिंह ने साहिल दुग्गल को नोटिस जारी किए, वे पेश नहीं हुआ। फिर हरभगत ग्रेवाल ने मौजूदा एमटीपी विजय कुमार से मुलाकात की, तो उन्होंने हैड ड्राफ्टमैन को कार्रवाई के आदेश दिए। लेकिन हैड ड्राफ्टमैन मलिक ने शिकायत के साथ प्रूफ अधुरे होने की बात कह शिकायत बंद कर दी। जबकि उन्होंने शिकायतकर्ता को बुलाकर प्रूफ लेना जरुरी नहीं समझा। वहीं ग्रेवाल का कहना है कि उन्होंने हर शिकायत में प्रूफ अटैच किए थे। वहीं ग्रेवाल का कहना है कि इस अवैध कब्जे में निगम अफसरों की इतनी मिलीभगत है कि अफसर उन्हें देखकर मुंह घूमा लेते हैं।

### 12 हजार जमा करवा करोड़ों की प्रॉपर्टी कब्जाई

कब्जाधारियों द्वारा पहली बार साल 2018 में 2014 का प्रॉपर्टी टैक्स भरा। जिसके बाद साल 2020 में पिछले छह साल का और 2021 में दो साल का इकट्ठा भरा। जिसके बाद रेगुलर हर साल टैक्स भरा। 12 साल में कुल 12492 रुपए टैक्स दिया और करीब एक करोड़ की प्रॉपर्टी कब्जा डाली। हैरानी की बात तो यह है कि निगम की टैक्स रसीद में एक जगह बूथ नंबर 23 है और दूसरी जगह 28/1 है। आखिर दो बूथ का एक ही प्रॉपर्टी टैक्स कैसे हो सकता है। जबकि ट्रस्ट के सन 1973 के नक्शे के मुताबिक 22 बूथ ही बने थे। उससे आगे न तो बना और न ही बन सकता है।



Uturn Time 13 May 2026_Layout 2  12-05-2026  23:22  Page 2



## श्रमिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर, 34 स्थानों पर ईएसआई सुविधाओं का विस्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रमिकों को प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के 34 स्थानों पर ईएसआईसी अस्पतालों और डिस्पेंसरी का निर्माण व विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है, ताकि श्रमिकों को उनके नजदीक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस संबंध में श्रम मंत्री ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर सभी परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में देरी या बाधाएं हैं, उनकी सूची तैयार कर नियमित निगरानी की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि अब इन परियोजनाओं की समीक्षा हर माह स्वयं करेंगे और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## युवती से गैंगरेप, मां की बीमारी का बहाना बना भागी, पीड़िता बोली- कोल्ड ड्रिंक पिला बेहोश किया

खरड़/यूटर्न/12 मई। मोहाली में नौकरी दिलाने के बहाने बुलाकर युवती (24) से गैंगरेप किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह काम की तलाश में राजस्थान से बहन के साथ दोस्त के पास मोहाली आई थी। यहां पर एक बाइक सवाल से मुलाकात हुई। उसने अपना नंबर दिया और नौकरी व फ्लैट दिलाने का वादा किया। इसके बाद वह एक फ्लैट में ले गया। वहां पर रखा और कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। सुबह कपड़े उतरे मिले और शरीर में दर्द हुआ। सुबह करीब 10 बजे अपनी बहन को फोन कर पूरी घटना बताई। वह मां की बीमारी का बहाना बनाकर आरोपियों के चंगुल से निकली। रैपिडो के जरिए वह दोपहर करीब 1 बजे मोहाली स्थित अपनी बहन के पास पहुंची। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी।



### ब्यूटी पार्लर का काम करती है

थाना सदर खरड़ पुलिस को दी शिकायत में युवती कहा कि दो युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया। उसे नौकरी और किराए के फ्लैट का झांसा देकर एक फ्लैट में ले जाया गया, जहां उसके साथ गैंगरेप हुआ। वह राजस्थान के जोधपुर की रहने वाली है और ब्यूटी पार्लर का काम करती है। उसके पिता बीमार रहते हैं।

### बहन के साथ दोस्त के पास आई

पीड़िता ने कहा कि साल 2024 में वह चंडीगढ़ आई थी, जहां उसकी पहचान मोहाली निवासी एक युवती से हुई थी। 4 मई 2026 को वह अपनी बड़ी बहन के साथ काम की तलाश में मोहाली में उसकी दोस्त के पास आई थी। जिसने बताया कि खरड़ में किराए के मकान सस्ते हैं और नौकरी आसानी से मिल सकती है।

# बिना डॉक्टर की पर्ची और बिना बिल एमटीपी किट बेचने का मामला



## फर्जी ग्राहक भेज कर पकड़ा केमिस्ट

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। डिप्टी कमिश्नर लुधियाना के निर्देशों के तहत MTP किटों की अवैध खरीद-फरोख्त रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ड्रग्स कंट्रोल विभाग द्वारा बिना डॉक्टर की पर्ची और बिना बेल एमटीपी किट बेचने पर एक केमिस्ट को काबू किया है।

इस अभियान के तहत नवदीप संधू, ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी, लुधियाना-3 द्वारा दो फर्मों का निरीक्षण किया गया। हैबोवाल कलां के रघुबीर पार्क क्षेत्र स्थित एक मेडिकल स्टोर पर विभाग द्वारा फर्जी ग्राहक भेजकर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान फर्म द्वारा बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन और बिना बिक्री बिल जारी किए टळढ किट बेची गई, जो कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट तथा संबंधित नियमों का उल्लंघन है। इस संबंधी तथ्य मौके पर तैयार की गई निरीक्षण रिपोर्ट में दर्ज किए गए।

इसके अतिरिक्त, निरीक्षण के दौरान फर्म द्वारा स्टॉक में उपलब्ध MTP किट का खरीद रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जो कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत अनिवार्य है। ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी लुधियाना-3 नवदीप संधू ने बताया कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सेंसेक्स 1,450 अंक टूटा, निफ्टी 23,400 के नीचे बंद: कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और अन्य कारण बने बाजार में गिरावट की वजह

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को तेजी से गिरे। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे तनाव को लेकर चिंताओं के बीच, यह लगातार चौथा सत्र था जब बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,456.04 अंक या 1.92 प्रतिशत गिरकर 74,559.24 पर बंद हुआ, जबकि व्यापक बाजार निफ्टी 436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत गिरकर 23,379.55 पर आ गया। यह छह हफ़्तों में बाजार का सबसे खराब दिन रहा, और इन दो सत्रों में कुल मिलाकर बाजार को लगभग 3.4% का नुकसान हुआ। एनएसई पर मेटल, ऑयल एंड गैस और पीएसयू बैंकों को छोड़कर बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। व्यापक निफ्टी स्मॉलकैप100 और निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स क्रमशः 1.26 प्रतिशत और 0.81 प्रतिशत गिरे। बैंक निफ्टी में 1 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई, जबकि अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों से पहले निफ्टी IT 3.3 प्रतिशत टूट गया। इसमें TCS, Infosys, HCLTech और Wipro के शेयरों में 2.5 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच गिरावट दर्ज की गई।



### बाजार में गिरावट के मुख्य कारण

01. कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी: कच्चे तेल का वैश्विक बेंचमार्क, Brent crude, 2.45 प्रतिशत बढ़कर 106.75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुँच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को भारत के लिए नकारात्मक माना जाता है।

02. अमेरिका-ईरान तनाव: अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर नई चिंताओं के बीच निवेशकों का मनोबल कमजोर बना रहा।

03. IT शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव: मंगलवार को IT शेयरों पर भारी बिकवाली का दबाव देखा गया, जिसके चलते निफ्टी IT इंडेक्स 3.7 प्रतिशत गिरकर मई 2023 के बाद के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया।

04. PM के मितव्ययिता उपाय: बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट और ज्वेलरी कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन भी बिकवाली का दबाव बना रहा। यह स्थिति तब बनी जब ढट मोदी ने भारतीयों से सोने की खरीद कम करने और ईंधन संकट को कम करने के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) करने का आग्रह किया।

05. रुपये में गिरावट: कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, रुपया 35 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.63 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुँच गया।

06. महंगाई के आँकड़ों से पहले घबराहट: निवेशक भारत के अप्रैल के खुदरा महंगाई के आँकड़ों का भी इंतजार कर रहे हैं, जो आज बाद में जारी होने वाले हैं, ताकि उन्हें महंगाई के रुझान के बारे में संकेत मिल सकें।

07. FII की लगातार बिकवाली: विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने सोमवार को 8,437.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विदेशी फंडों की लगातार बिकवाली से बाजार के सेंटिमेंट पर असर पड़ता है।

08. साप्ताहिक एक्सपायरी: मंगलवार को निफ्टी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स की साप्ताहिक एक्सपायरी होने से भी बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ा। एक्सपायरी के दिनों में, ट्रेडर फ्यूचर्स और ऑप्शंस सेगमेंट में अपनी पोजिशन्स को स्क्वायर ऑफ या रोल ओवर करते हैं, जिससे इंट्राडे में तेजी से उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है।

09. कमजोर वैश्विक रुझान: दक्षिण कोरिया का कोस्पी और चीन का शंघाई रुए कम्पोजिट इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स ने भी कमजोर शुरूआत के संकेत दिए।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 122 | WEDNESDAY 13-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## राजपुरा के लिए रमेश जोशी को आब्जर्वर नियुक्त



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। पंजाब प्रदेश कांग्रेस ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश जोशी को नगर निगम चुनावों के लिए राजपुरा का आब्जर्वर नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने आगामी चुनावों को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। रमेश जोशी की सक्रियता और लगातार बढ़ती राजनीतिक गतिविधियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे 2027 के विधानसभा चुनावों में लुधियाना से टिकट की दावेदारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, पार्टी की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# सीबीआई की विजिलेंस हेडक्वार्टर और होटल में रेड, 20 लाख की डील पकड़ी, 3 गिरफ्तार, 9 लाख कैश बरामद

मोहाली/यूटर्न/12 मई। सोमवार रात कोपंजाब विजिलेंस हेडक्वार्टर पर सेंट्रल सीबीआई की टीम ने रेड की। बताया जा रहा है कि टीम एक रिश्वत केस में जांच कर रही है। इससे पहले सीबीआई ने चंडीगढ़ के पांच सितारा होटल में छापा मारा था, जहां 20 लाख की डील को पकड़ा था। यहां से पुलिस ने डीजी विजिलेंस के रीडर ओपी राणा के बिचौलिए को गिरफ्तार किया। लेकिन गनमैन से मिली सूचना के बाद बाकी के लोग भाग निकले थे। इसके बाद सीबीआई ने पीछा कर दो आरोपियों को पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास से पकड़ लिया। पंजाब विजिलेंस के अधिकारी शरद सत्यम चौहान ने कहा कि प्राइवेट लोगों की गिरफ्तारी हुई है, सीबीआई जांच कर रही है।

विजिलेंस पूरा सहयोग करेगी, जब विजिलेंस चीफ से रीडर ओपी राणा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। वहीं, अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दावा किया कि रीडर ओपी राणा को भी पकड़ लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बेटा राघव गोयल, पिता विकास गोयल और अंकित वाधवा के रुप में हुई है।



- पुलिस ने डीजी विजिलेंस के रीडर ओपी राणा के बिचौलिए को गिरफ्तार किया।

### शिकायत बंद करवाने की एवज में मांगे २० लाख

सीबीआई के जारी प्रेस नोट के अनुसार यह मामला पंजाब के एक स्टेट टैक्स अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि विकास उर्फ विक्की गोयल और उसके बेटे राघव गोयल ने पंजाब विजिलेंस विभाग के डीजी कार्यालय में उसके खिलाफ लंबित शिकायत को बंद करवाने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। आरोप था कि दोनों व्यक्ति वरिष्ठ विजिलेंस अधिकारियों, विशेषकर डीजी विजिलेंस के रीडर ओपी राणा के लिए बिचौलिए के रूप में काम कर रहे थे। ओपी राणा ने रिश्वत मिलने पर शिकायत बंद करने का आश्वासन दिया था।

### *13 लाख में हुआ था सौदा*

*सीबीआई की जांच में रिश्वत मांगने के आरोप सही निकले। बातचीत के दौरान रिश्वत की राशि 20 लाख रुपए से घटाकर 13 लाख रुपए तय की गई। साथ ही ओपी राणा के लिए सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 7 मोबाइल की भी मांग की गई। 11 मई को सीबीआई ने चंडीगढ़ में जाल बिछाकर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपियों के सहयोगी अंकित वाधवा को शिकायतकर्ता से 13 लाख रुपए नकद और मोबाइल लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान राघव गोयल, विकास गोयल और ओ.पी. राणा ने गनमैन द्वारा सतर्क किए जाने के बाद भागने की कोशिश की।*

### *रीडर भागने में कामयाब रहा*

सीबीआई ने राघव गोयल, विकास गोयल को पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास पकड़ लिया। डीजी विजिलेंस का रीडर ओ.पी. राणा मौके से फरार होने में सफल रहा। आरोपियों के मलोट और चंडीगढ़ स्थित ठिकानों पर की गई तलाशी में 9 लाख रुपए नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। अब तक की जांच में ओ.पी. राणा की सक्रिय संलिप्तता और संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान का पता चला है। इसके अलावा निजी व्यक्तियों के साथ एके-47 राइफलों से लैस पंजाब पुलिस के गनमैनों की भूमिका और उनकी तैनाती की भी जांच की जा रही है।

## नगर निगम चुनाव से पहले दहशत, वार्ड-27 में युवक अवैध देसी कट्टे के साथ पकड़ा गया

जीरकपुर/यूटर्न/12 मई। नगर निगम चुनाव से पहले जीरकपुर में कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ाने वाली घटना सामने आई है। जीरकपुर के वार्ड नंबर-27 स्थित शिवालिक विहार में बड़ा पार्क शिव मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक अवैध देसी कट्टा लेकर पहुंच गया। इलाके में मौजूद लोगों ने युवक की गतिविधियों पर शक होने पर उसे पकड़ लिया।



श्रद्धांजलि

हमारे प्रिय श्री संजीव जिंदल की पूजनीय माता

श्रीमती तारा देवी

के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनकी रस्म पगड़ी 13 मई, 2026 (बुधवार) को दोपहर 2 से 3 बजे तक श्री नवदुर्गा मंदिर, सराभा नगर, लुधियाना में होगी।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

MRS. & T.S. THAPAR
Chairman, Ludhiana Stock & Capital. M: 9316903300

MRS. & KAPIL THAPAR
NARAIN JI TRADERS
Mandi Kesar Ganj, Ldh. M: 9815972636

RASAM PAGRI

जिसको न देखा हमने कभी, उसकी मूरत क्या होगी
ऐ माँ ! तुम्हारी मूरत से अलग, भगवान की सूरत क्या होगी



With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved Mother

SMT. TARA DEVI

(W/o Late Sh. Kishori Lal) on 01.05.2026

RASAM PAGRI


for the peace of departed soul will be held on
**Wednesday 13th May 2026 time 2 PM to 3 PM at**
**Nav Durga Mandir, Sarabha Nagar, Ludhiana**

GRIEF STRICKEN

| | |
|---|---|
| Sanjeev Gupta & Sunita | (Son & Daughter in Law) |
| Rajeev Jindal & Anju | (Son & Daughter in Law) |
| Ankit Jindal & Kanika | (Grandson & Granddaughter-in-Law) |
| Sahil Jindal & Sheena | (Grandson & Granddaughter-in-Law) |
| Mehak & Darpan Gupta | (Granddaughter & Grandson-in-Law) |
| Payal & Abhishek Garg | (Granddaughter & Grandson-in-Law) |
| Saisha, Aarav, Avyaan, Zaafira, Yuvaan, Inaaya, Aizaa, Aveer | (Great Grandchildren) |

S.A. AGGARWAL & Co. | S.S. BIKES
HAIDER FASHION INDUSTRIES
Ludhiana (M) 98140-21702, 98145-13199
H.No. 98, Mahavir Nagar, Opp. MBD Mall, Ludhiana

# DJ Bhanu: बीट्स का बादशाह, नाइट लाइफ का किंग



जब पंजाब में DJ Culture नया था, तब DJ Bhanu ने अपने Passion को Profession बनाया। 1996 में एक छोटे से सेटअप और घर के स्पीकर्स से शुरू हुआ सफर आज Music Industry में एक बड़ी पहचान बन चुका है। संघर्ष, मेहनत और Consistency के दम पर DJ Bhanu ने ना सिर्फ अपना नाम बनाया, बल्कि पंजाब में DJing को नई पहचान भी दी। पेश है उनके 30 साल के शानदार सफर पर खास बातचीत।

## '1996 में शुरु हुआ था सफर, आज बन चुका है बड़ा नाम'

**Q.** आपका सफर कैसा रहा? आज खुद को शहर के सबसे बड़े DJs में देखकर कैसा लगता है?

**A.** बहुत सम्मानित महसूस करता हूं। यह करीब 30 साल पुराना सफर है। हमने 1996-97 में शुरूआत की थी। शुरूआत एक हॉबी के तौर पर हुई थी और आज यह एक पूरा बिजनेस बन चुका है। इस सफर के लिए मैं खुद को बहुत blessed महसूस करता हूं।

## 'एक दोस्त को देखकर आया ऊख्रल्लॅ का ख्याल'

**Q.** आपकी शुरूआत कैसे हुई?

**A.** मुंबई में MBA के दौरान मेरे एक दोस्त DJ थे। उन्हें देखकर DJing में दिलचस्पी आई। जब डिग्री लेकर लुधियाना वापस आया तो एक दोस्त की पार्टी में DJ बनने की बात कही। उस समय लोगों को DJ शब्द तक समझ नहीं आता था। पहली पार्टी में लोकल साउंड सिस्टम किराए पर लिया और अपने सेविंग्स से खरीदा CD Player और Mixer इस्तेमाल किया। पार्टी के बाद लोगों के फोन आने लगे और वहीं से सफर शुरू हो गया।



## 'Studio 69 ऐसे बना बड़ा नाम'

**Q.** आपका वेंचर Studio 69 कैसे शुरू हुआ?

**A.** पहले हम सिर्फ DJ Service देते थे, फिर Sound Rentals शुरू किए। उस समय पंजाब में Clubs नहीं थे और DJ Culture बिल्कुल नया था। धीरे-धीरे हमने Juniors को ट्रेन करना शुरू किया और फिर एक सिस्टम से दो, दो से तीन और सफर बढ़ता गया।

## 'घर के स्पीकर्स से भी की पार्टी'

**Q.** शुरूआती संघर्ष कितने मुश्किल थे?

**A.** काफी मुश्किल थे। एक बार जिस व्यक्ति से साउंड सिस्टम किराए पर लेते थे, उसने जानबूझकर सिस्टम नहीं भेजा। उस दिन मुझे अपने घर के स्पीकर्स पार्टी में लगाने पड़े। उसी दिन समझ आया कि दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। फिर मुंबई जाकर अपना पहला BOSE 802 सिस्टम खरीदा।

## 'दोस्त के भरोसे खरीदा पहला सिस्टम'

**Q.** उस समय पहला सिस्टम खरीदने में कितना खर्च आया था?

**A.** उस समय मेरे पास सिर्फ 50-60 हजार रुपये थे। मैंने अपने दोस्त से कहा कि अभी पैसे नहीं हैं लेकिन New Year Parties के बाद चुका दूंगा। उसने मुझ पर भरोसा किया और मुझे सिस्टम दे दिया। वहीं से असली शुरूआत हुई।

## 'DJ से Rental Company बनने तक का सफर'

**Q.** DJ Bhanu से Rental Company तक का सफर कैसे शुरू हुआ?

**A.** जब हमने महंगा BOSE सिस्टम खरीदा तो लोग हैरान थे। उस समय लोग बड़ी-बड़ी स्पीकर्स की दीवार लगाते थे लेकिन हमारे सिर्फ 4 स्पीकर्स 600 लोगों के लिए काफी थे। धीरे-धीरे हमें ज्यादा पार्टियां मिलने लगीं और हमने अपनी टीम बनानी शुरू की। वहीं से Rental Company की शुरूआत हुई।

**Q.** अगर DJing में सफलता नहीं मिलती तो क्या करते?

**अ.** मैंने Hotel Management भी किया हुआ है। अगर DJing नहीं चलती तो शायद मैं Chef बन जाता।

## 'गुरदास मान जी के साथ शुरु हुआ बड़ा सफर'

**Q.** अब तक का सबसे बेहतरीन Artist Experience कौन-सा रहा?

**A.** हमारा पहला बड़ा सफर Gurdas Maan जी के साथ शुरू हुआ था। उनके साथ आज भी बहुत खूबसूरत यादें जुड़ी हैं। इसके अलावा Sukhbir और Satinder Sartaaj जैसे कई बड़े कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला।

## युवाओं के लिए DJ Bhanu का संदेश

**Q.** युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?

**A.** Consistency, Honesty और Commitment — अगर इन तीन चीजों को अपने काम में रखोगे तो जिंदगी में कभी गलत रास्ते पर नहीं जाओगे।

## 'अगर DJ नहीं बनता तो Chef बनता'

**Q.** आपकी मां Journalism में थीं, क्या कभी उस फील्ड में जाने का मन नहीं हुआ?

**A.** मेरी मां पहले एक Senior Teacher थीं, बाद में Journalism में आईं। लेकिन मेरा passion हमेशा Music रहा। उस समय Music जुटाना भी बहुत मुश्किल था क्योंकि इंटरनेट नहीं था। CDs और Cassettes के जरिए Music आता था। लेकिन मैंने हमेशा अपने Passion को Follow किया।





## *'आज लोग पहले DJ बुक करते हैं, फिर शादी की तारीख'*

*द. क्या यह सच है कि आज लोग पहले DJ Book करते हैं और फिर Wedding Date Final करते हैं?*

*A. बिल्कुल। कई परिवार ऐसे हैं जिन्होंने सिर्फ मेरी availability के कारण अपनी शादी की तारीख बदली। अब DJing को लोग एक Profession की तरह देखते हैं।*

## 'काम से प्यार हो तो लोगों की बातें मायने नहीं रखतीं'

**Q.** 30 साल पहले DJing को सम्मानजनक Profession नहीं माना जाता था। इस पर आपका क्या कहना है?

**A.** किसी भी Profession में सबसे जरूरी है कि आपको अपने काम पर गर्व हो। अगर आपका काम आपको खुशी और Financial Stability देता है तो वही सबसे बड़ा Success है।

## 'आज Artists को संभालना पहले से आसान'

**Q.** आज के समय में Artists को Manage करना कितना मुश्किल है?

**A.** पहले ज्यादा मुश्किल था, अब नहीं। हर Artist की अपनी Wishlist होती है लेकिन Event Manager सब चीजों को Handle करता है।

चंड़ीगढ़
III बुधवार, 13 मई 2026
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 वेरका की अत्याधुनिक वेंडिंग मशीन का उद्घाटन...

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द: एनटीए 7-10 दिनों में संशोधित परीक्षा शेड्यूल जारी करेगा, DG ने कहा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को नीट-यूजी 2026 परीक्षा जो 3 मई को आयोजित की गई थी, को रद्द करने की घोषणा की और कहा कि नई तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। एक विस्तृत बयान में, एनटीए ने कहा कि यह फैसला केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में मिले इनपुट, और साथ ही कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा साझा किए गए जांच निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद लिया गया है।



## एनटीए ने क्या कहा?

एनटीए ने पहले इस मामले को स्वतंत्र जांच और उचित कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा था। भारत सरकार से मंजूरी मिलने के बाद, उसने पुष्टि की कि अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी, और कहा कि यह फैसला ﹢पारदर्शिता सुनिश्चित करने और परीक्षा प्रणाली की शुचिता बनाए रखने के लिए लिया गया है।

## एनटीए ने जानकारी की सांझी

एनटीए को मिले इनपुट, और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों को एक साथ देखने पर यह साबित हो गया कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। दोबारा आयोजित होने वाली परीक्षा की तारीखें, और साथ ही दोबारा जारी किए जाने वाले एडमिट-कार्ड का शेड्यूल, आने वाले दिनों में एजेंसी के आधिकारिक माध्यमों से सूचित किया जाएगा, उसने '' पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा।

## जांच में पूरा सहयोग होगा

एजेंसी ने जोर देकर कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेगी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (उइक) द्वारा मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एनटीए ने पुष्टि की कि यह फैसला सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एजेंसी इस बात से अवगत है कि परीक्षा दोबारा आयोजित करने से उम्मीदवारों और उनके परिवारों को वास्तविक और काफी असुविधा होगी। एनटीए इस परिणाम को हल्के में नहीं लेता। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इसका कोई भी विकल्प उस भरोसे को और भी अधिक तथा लंबे समय तक नुकसान पहुंचाता, उसने कहा।

## छात्रों को क्या जानने की जरुरत है

बयान में, एनटीए ने इस बात पर जोर दिया कि मई 2026 के चक्र में किए गए पंजीकरण डेटा, उम्मीदवारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को दोबारा आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। किसी नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी, और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा, पहले से जमा की गई फीस छात्रों को वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके दोबारा आयोजित की जाएगी, उसने कहा। इसके अलावा, टेस्टिंग एजेंसी ने छात्रों और उनके माता-पिता से आग्रह किया कि वे नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा से जुड़े अपडेट के लिए केवल एनटीए के आधिकारिक माध्यमों का ही पालन करें। इससे पहले, उइकने ठएएळ पेपर लीक मामले में एक केस दर्ज किया है।

# नीट-यूजी 2026 पेपर लीक में गुरुग्राम बना अहम कड़ी; एक डॉक्टर शक के घेरे में

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। नीट-यूजी 2026 के कथित पेपर लीक नेटवर्क में गुरुग्राम एक अहम ट्रांजिट पॉइंट (गुजरने का रास्ता) बनकर उभरा है। जैसे-जैसे जांच कई राज्यों में फैल रही है, जांच एजेंसियां अब एक स्थानीय डॉक्टर की भूमिका की बारीकी से जांच कर रही हैं। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बड़े पैमाने पर पेपर लीक के आरोपों के बीच 3 मई को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी और जांच के लिए मामला उइकको सौंप दिया। एजेंसियों को मिली जांच से जुड़ी जानकारियों के मुताबिक, माना जा रहा है कि लीक हुआ पेपर पहले गुरुग्राम से होकर गुजरा और फिर राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों में फैल गया। अधिकारियों को शक है कि महाराष्ट्र के नासिक में स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस से पेपर की एक हार्ड कॉपी लीक होने के बाद, गुरुग्राम और उसके आस-पास के इलाकों में कथित तौर पर पेपर के डुप्लीकेट सेट तैयार किए गए थे।



## गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं

अभी तक इस मामले में किसी की भी आधिकारिक गिरफ्तारी या पुष्टि नहीं हुई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) गुरुग्राम के अध्यक्ष डॉ. राजेश कटारिया ने बताया कि, हालांकि गुरुग्राम के एक डॉक्टर का ज़िक्र करने वाली खबरें चल रही हैं, लेकिन किसी भी जांच एजेंसी ने अभी तक स्थानीय मेडिकल संस्था से आधिकारिक तौर पर संपर्क नहीं किया है।

## चूरू के एमबीबीएस छात्र से जुड़ा मामला

जांच में पता चला है कि यह लीक हुआ पेपर चूरू के एक टइइर छात्र से जुड़ा है, जो केरल में पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि इस छात्र ने 1 मई को सीकर में अपने एक साथी के साथ यह सामग्री शेयर की थी। वहां से, यह पेपर कथित तौर पर पेइंग गेस्ट आवासों, कोचिंग से जुड़े ग्रुप्स, काउंसलरों और परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के जरिए पूरे राजस्थान और आस-पास के राज्यों में तेजी से फैल गया।

## सोशल मीडिया के जरिए बांटी सामग्री

जांचकताओं को शक है कि परीक्षा शुरू होने से कुछ ही समय पहले, लीक हुई यह सामग्री व्हाट्सएप और टेलीग्राम चैनलों के जरिए बांटी गई थी। रिपोर्टों के मुताबिक, सकुर्लेट की गई सामग्री में शामिल 300 सवालों में से लगभग 150 सवाल कथित तौर पर असली परीक्षा में पूछे गए थे। अधिकारी एक ऐसे ﹢क्वेश्चन बैंक﹢ की भी जांच कर रहे हैं, जिसे कथित तौर पर सीकर में हाथ से लिखकर सवालों को इकट्ठा करने के तरीके से तैयार किया गया था।

## सीकर मुख्य केंद्र

राजस्थान स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप, जिसने सबसे पहले इन गड़बड़ियों का पता लगाया था, ने सीकर को इस संदिग्ध लीक नेटवर्क का मुख्य केंद्र बताया है। जांचकताओं ने पाया कि परीक्षा से पहले जो तथाकथित 'क्वेश्चन बैंक' या 'गेस पेपर' सकुर्लेट हो रहा था, उसमें कथित तौर पर नीट-यूजी के असली पेपर के 100 से ज्यादा सवाल हूबहू मिल रहे थे।

# हरियाणा में निवेश और रोजगार को बढ़ावा, सीएम की अध्यक्षता में एंटरप्राइज प्रमोशन बोर्ड की बैठक



चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन बोर्ड (HEPB) की 19वीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य में औद्योगिक निवेश, विनिर्माण क्षमता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज और राहत उपायों को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। यह प्रोत्साहन पैकेज एग्जीक्यूटिव एंपावर्ड कमेटी (EEC) की सिफारिशों के आधार पर स्वीकृत किए गए। इस दौरान BEUMER India Private Limited को 43.05 करोड़ रुपये का विशेष प्रोत्साहन पैकेज दिया गया। कंपनी झज्जर जिले में आधुनिक इंट्रालॉजिस्टिक्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी, जिससे 138 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं AITMC Ventures Limited को 58.51 करोड़ रुपये के पैकेज की मंजूरी दी गई है। कंपनी हिसार में ड्रोन और ड्रोन कंपोनेंट्स निर्माण हब स्थापित करेगी, जिससे लगभग 800 युवाओं को रोजगार मिलेगा और रक्षा व एयरोस्पेस क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

# श्री गीता मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में धार्मिक समागम आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पक्खोवाल रोड पर स्थित श्री गीता मंदिर विकास नगर में अमेरिका से विशेष रूप से पधारे स्वामी नलिन आनंद गिरी जी ने श्री गीता जी की शिक्षा को बड़े विस्तार से बतलाते हुए कहा कि कर्म करने से हर मानव का जीवन सुखमय हो जाता है और कूटनीति से हर असंभव को संभव किया जा सकता है।

उन्होंने संगीतमय सुंदर सुंदर भजन श्री राधा कृष्ण जी के आपसी विश्वास और स्नेह का उल्लेख किया। स्वामी जी का मंदिर पधारने पर मंदिर सभा के चेयरमैन रविंदर गुप्ता, पुरुषोत्तम बंसी, डॉक्टर सतीश गुप्ता, विनय कोहली, राजन उप्पल, पवन कांत वोहरा, राम छाबड़ा, प्रोफेसर राजिंदर सिंह, संजय कोहली, परमिंदर सिंह, मंगत, रणधीर सूद, रणदीप शर्मा ने स्वागत किया गया। स्वामी जी के सुंदर भजनों पर महिला श्रद्धालुओं ने डांडिया खेला। महाराज जी ने फूलों की होली में मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। महिला श्रद्धालुओं में सुरेखा अरोड़ा, उमा शांता वोहरा, ऊषा धुरिया,आदर्श अरोड़ा, अनु हांडा, रमा ढल, ममता चौहान, कुसुम जेटली, बाला कपुर, काजल कोहली आदि ने व्यास गद्दी की पूजा और आरती में भाग लिया। इस समारोह में पार्षद तनवीर सिंह धालीवाल, पार्षद दिलराज सिंह, पूर्व मंत्री मलकीत सिंह दाखा, कांग्रेसी नेता केके बावा, दीपक गर्ग, ज्योतिषाचार्य पंडित राजन शर्मा, भूपिंदर सग्गू, आदि ने स्वामी जी हार पहना करके स्वागत किया।

## खाने का इंतजार कर रहे युवक पर साथियों समेत तलवारों और डंडों से हमला

जीरकपुर/यूटर्न/12 मई। जीरकपुर में देर शाम खाना मंगवाकर इंतजार कर रहे हरियाणा के एक युवक और उसके दो दोस्तों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने तलवारनुमा हथियार और डंडों से मारपीट की, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एक नामजद आरोपी समेत 9 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में पानीपत निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह 6 मई को अपने दोस्तों सोनू और महेश से मिलने जीरकपुर आया था। 7 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे तीनों एक अस्पताल के सामने गाड़ी खड़ी कर ऑनलाइन खाना आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान वहां दो कारें आकर रुकीं। शिकायतकर्ता के अनुसार सफेद आई-20 कार से उसके गांव के पास रहने वाला युवक 'मुक्का' अपने 2-3 साथियों के साथ बाहर निकला, जबकि दूसरी कार से 3-4 अन्य युवक उतरे। आरोप है कि सभी ने उन्हें घेर लिया और डंडों से हमला शुरू कर दिया। संदीप ने बताया कि हमलावरों ने उसके सिर पर तलवार से वार किया। इसके अलावा उसके हाथ और पैर पर भी कई चोटें आईं। उसके दोस्तों सोनू और महेश के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल संदीप को उसके दोस्त पहले सिविल अस्पताल ढकोली लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में सेक्टर-32 स्थित अस्पताल, चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या भारतीयों में सोने के लिए प्यार घटेगा?

भारत में सोना केवल एक धातु नहीं, बल्कि भावनाओं, परंपराओं और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। शादी-ब्याह, त्योहार और कठिन समय में लोग सोने को सबसे भरोसेमंद निवेश समझते हैं। इसी कारण भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना उपभोक्ता देशों में गिना जाता है। हाल ही में हमारे प्रधानमंत्री ने भारत वासियों से अपील की है कि वे सोने पर अत्यधिक निर्भरता कम करें और देश के विकास के लिए अन्य निवेश विकल्पों को अपनाएं। उनका मानना है कि अत्यधिक सोना आयात करने से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अपील से भारतीयों के मन से सोने का प्यार कम हो पाएगा? इसका उत्तर आसान नहीं है। भारतीय समाज में सोना पीढ़ियों से सम्मान और समृद्धि का प्रतीक रहा है। लोग इसे संकट के समय सबसे सुरक्षित सहारा मानते हैं। हालांकि नई पीढ़ी अब शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और डिजिटल निवेश की ओर भी आकर्षित हो रही है। यदि सरकार लोगों को सुरक्षित और लाभकारी निवेश के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए तथा वित्तीय जागरूकता बढ़ाए, तो धीरे-धीरे सोने पर निर्भरता कम हो सकती है। फिर भी भारतीयों के दिल में सोने की खास जगह पूरी तरह खत्म होना बहुत कठिन दिखाई देता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Divorce के बाद फिर से शादी तुरंत की जा सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

तलाक का आदेश मिल जाने के बाद कई लोग यह मान लेते हैं कि अब तुरंत दूसरी शादी की जा सकती है। लेकिन कानून में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को समझना जरूरी है। यदि अदालत द्वारा Divorce Decree पारित हो चुकी है और उसके खिलाफ अपील (appeal) की समय सीमा समाप्त हो गई है, तो सामान्यतः व्यक्ति दूसरी शादी कर सकता है। लेकिन यदि Divorce Decree के खिलाफ अपील दायर की गई है या अपील की समय सीमा अभी बाकी है, तो जल्दबाजी में दूसरी शादी करना भविष्य में कानूनी विवाद का कारण बन सकता है।

विशेष रूप से contested divorce मामलों में यह सावधानी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि मामला उच्च अदालत में चुनौती दिया जा सकता है।

Mutual Divorce के मामलों में भी दूसरी शादी तभी सुरक्षित मानी जाती है, जब अदालत का अंतिम आदेश (final decree) पारित हो जाए। कई लोग केवल अलग रहने (separation) या आपसी समझौते को ही तलाक मान लेते हैं, जबकि कानूनी रूप से विवाह तब तक समाप्त नहीं होता जब तक अदालत का वैध आदेश न हो।

जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बाद में bigamy या अन्य कानूनी विवादों का कारण बन सकता है।

निष्कर्षः दूसरी शादी करने से पहले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि Divorce पूरी तरह कानूनी रूप से अंतिम (final) हो चुका है और किसी प्रकार की अपील लंबित नहीं है।

## डॉ. एवीएम पब्लिक स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। डॉ. ए.वी.एम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नजदीक ईसा नगरी पुली का दसवीं कक्षा की परीक्षा परिणाम इस बार भी 100 प्रतिशत रहा। स्कूल के 107 विद्यार्थियों में से अनुष्का ने 96.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार लवली और प्रिंसिपल मनीषा गाबा ने शानदार परिणामों के लिए सभी विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति ने अनुष्का को पुरस्कार स्वरूप 11,000 रुपये की राशि भेंट की, जबकि अन्य सभी विद्यार्थियों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में, दसवीं कक्षा के परिणामों में अनुष्का ने 96.15 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, दमनजोत कौर ने 94.30 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और यशिका ने 90.46 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 10 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए, जबकि कई विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत तथा 24 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत तक अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। इस दौरान सोनिया रानी, ईशिता कतियाल, नवनीत कौर, जसवंत कौर, रूबी वर्मा, रीमा, गुरप्रीत बजाज, कुलदीप कौर, वंदना सूद, हरजीत कौर, मुस्कान, हर्ष बाला और गुरलीन कौर भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा बोर्ड 12वीं का परिणाम घोषित, 84.67% विद्यार्थी पास

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। Board of School Education Haryana ने सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12) परीक्षा-2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। भिवानी स्थित बोर्ड मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने विस्तृत आंकड़े साझा किए। इस वर्ष कुल 2,42,856 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 2,05,618 छात्र-छात्राएं सफल रहे। कुल पास प्रतिशत 84.67% दर्ज किया गया। एक बार फिर लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 87.97% परिणाम हासिल किया, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 81.45% रहा। इस तरह लड़कियां 6.52% से आगे रहीं। जिला स्तर पर चरखी दादरी ने सर्वोच्च प्रदर्शन किया, जबकि नूंह सबसे पीछे रहा। ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन भी शहरी क्षेत्रों से बेहतर रहा, जहां गांवों का पास प्रतिशत 84.98% और शहरी क्षेत्रों का 83.91% रहा। निजी स्कूलों का परिणाम 87.94% और सरकारी स्कूलों का 82.44% रहा। इसके अलावा हरियाणा ओपन स्कूल के परिणाम भी घोषित किए गए, जिसमें फ्रेश श्रेणी का पास प्रतिशत 42.15% और री-अपीयर का 50.09% रहा। यहां भी लड़कियों ने 11.23% की बढ़त के साथ बाजी मारी।



# ATIU ने जीएसटी और आयकर में हुए सुधारों पर इंटरैक्टिव सेशन किया आयोजित





लुधियाना/यूटर्न/12 मई। एटीआईयू ने भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जीएसटी और आयकर में हालिया विकास और सुधारों पर एक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया। इस सत्र में प्रिंसिपल कमिश्नर सीजीएसटी सुग्रीव मीना और एडिशनल कमिश्नर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट राजीव वड़ेरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्योगपतियों, कर विशेषज्ञों और व्यापार जगत के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। एटीआईयू के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कर प्रणाली के डिजिटलीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई वस्तुओं पर जीएसटी स्लैब का युक्तिकरण, रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया को आसान बनाना और कर के दोहराव को कम करने से उद्योग को लाभ हुआ है तथा उपभोक्ताओं पर बोझ कम हुआ है।

## आईटीसी लेते समय रहे सावधान

इस दौरान प्रिंसिपल कमिश्नर सीजीएसटी सुग्रीव मीना ने जीएसटी व्यवस्था में हाल के संशोधनों और नीतिगत पहलों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार तकनीक आधारित प्रणाली के माध्यम से अनुपालन को मजबूत कर रही है, जिसमें डेटा एनालिटिक्स, एआई आधारित जांच और सख्त सत्यापन शामिल हैं। उन्होंने ई-इनवॉइसिंग, रियल टाइम इनवॉइस मिलान और जीएसटी रिटर्न को ई-वे बिल से जोड़ने की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला, जिससे फर्जी बिलिंग और धोखाधड़ी पर रोक लगाई जा रही है। उन्होंने उद्योगों को चेतावनी दी कि इनपुट टैक्स क्रेडिट लेते समय सावधानी बरतें और लेन-देन से पहले उचित जांच करें।

## नई कर व्यवस्था के लाभों और प्रभावों पर चर्चा

वहीं राजीव वधेरा ने आयकर प्रणाली में हाल के बदलावों, विशेषकर नई कर व्यवस्था के लाभों और प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि करदाताओं को पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन अपनाना चाहिए तथा डिजिटल सिस्टम के बढ़ते उपयोग के चलते सही रिपोर्टिंग जरूरी है।

## व्यापारियों ने सांझी की समस्याएं

सत्र के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने व्यापार में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और अनुपालन संबंधी चुनौतियों पर सवाल उठाए। अधिकारियों ने सलाह दी कि डिजिटल टूल्स, जीएसटी पोर्टल और केवाईसी प्रक्रियाओं का उपयोग कर व्यापारिक साझेदारों की जांच की जाए। सत्र के अंत में विचारों का आदान-प्रदान हुआ, जिसे सदस्यों ने अत्यंत उपयोगी बताया।

# इनर व्हील क्लब मिडटाउन द्वारा 25 टीबी मरीजो को राशन वितरित




अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूत करने के लिए इनर व्हील क्लब मिडटाउन द्वारा आज 25 टीबी मरीज गोद लिए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इन मरीजों के 25 परिवारों को मुफ्त राशन के पैकेट वितरित किए गए, ताकि इलाज के साथ-साथ मरीजों को पौष्टिक आहार भी मिल सके। इसके साथ लुधियाना जिले में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गोद लिए गए टीबी मरीजों की कुल संख्या 275 हो गई है, जो टीबी मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर ने इस पहल की सराहना करते हुए जिला टी बी अफसर डा आशीश चावला ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी टीबी उन्मूलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए दवाइयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी बहुत जरूरी है, ताकि वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें और अपना उपचार पूरी तरह पूरा कर सकें। डॉ. चावला ने कहा, इस प्रकार के प्रयास न केवल मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाते हैं, बल्कि उन्हें नियमित उपचार जारी रखने के लिए भी प्रेरित करते हैं꠱। सामूहिक प्रयासों से हम टीबी मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इनर व्हील क्लब मिडटाउन के प्रतिनिधियों ने कहा कि संस्था समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आज 25 टीबी मरीजों को गोद लेने के साथ उनके परिवारों को राशन भी वितरित किया गया है और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य जारी रखे जाएंगे।

# सात देशों को पछाड़ लुधियाना के डांसर्स गौतम-रागिनी ने जीता ब्रोंज, एशियन चैंपियनशिप में बढ़ाया मान



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। लुधियाना की प्रतिभाशाली डांस जोड़ी गौतम शर्मा और रागिनी (एक्स्टसी द डांस स्टूडियो) ने 2026 एशियन चैंपियनशिप की 'एकरो स्विंग कपल' (एक्रो स्विंग कप्पल) श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर शहर और देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्रोबैटिक एंड डांस स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित की गई, जबकि इसकी मेजबानी नेशनल फेडरेशन ऑफ एक्रोबैटिक एंड डांस स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया ने की। प्रतियोगिता में एशिया के 7 देशों के 200 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गौतम शर्मा और रागिनी ने शानदार प्रदर्शन किया और तीसरा स्थान हासिल कर ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से लुधियाना में खुशी की लहर है। अपनी सफलता का श्रेय दोनों कलाकारों ने अपने कोच, परिवार, समर्थकों और पूरी टीम को दिया।

# लाइसेंसी हथियारों के सार्वजनिक रूप से ले जाने पर 30 मई तक प्रतिबंध : जिला मजिस्ट्रेट आशिका जैन




दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/12 मई। जिला मजिस्ट्रेट आशिका जैन ने राज्य में होने जा रही नगरपालिकाओं के चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला होशियारपुर में अमन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिला होशियारपुर की सीमा के भीतर किसी भी प्रकार के लाइसेंसी हथियार, विस्फोटक सामग्री, कृपाण, किरच, भाले, टोके, चाकू आदि, जिनका इस्तेमाल शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने के लिए किया जा सकता है, को सार्वजनिक रूप से साथ लेकर चलने (कैरी करने) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि यह आदेश 12 मई 2026 से 30 मई 2026 तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार यह प्रतिबंध आर्मी पर्सनल, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस कर्मचारियों, बैंक सुरक्षा गार्डों, फैक्टरी सुरक्षा गार्डों, पेट्रोल पंप मालिकों, मनी एक्सचेंज संचालकों, ज्वेलर्स शोरूम मालिकों तथा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले ऐसे शूटर्स, जो नेशनल राइफल एसोसिएशन के सदस्य हों, पर लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त जेड श्रेणी सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों तथा माननीय अदालत द्वारा निजी सुरक्षा प्रदान किए गए व्यक्तियों को भी इस आदेश से छूट दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि आदेशों की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# उद्योगपति मेहताब सिंह खुराना को समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि








लुधियाना/यूटर्न/12 मई। दाल बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के जनरल सैक्रेटरी तथा हैप्पी खुराना गारमेंट्स के मालिक इकबाल सिंह लक्की खुराना एवं तनजीत सिंह हैप्पी खुराना के पिता उद्योगपति स्वर्गीय मेहताब सिंह खुराना की अंतिम अरदास गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मॉडल टाऊन एक्सटेंशन, लुधियाना में आयोजित हुई।

इस अवसर पर महानगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा शहर के गण्यमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टी. एस. सेवक, अमृतपाल कौर ने स्वर्गीय मेहताब सिंह खुराना जी के गुणों का उल्लेख किया।

इस अवसर पर दाल बाजार मर्चेंटस एसोसिएशन के प्रधान सुरेश धीर राजा, वरिष्ठ उपप्रधान सूरज सेतिया, वरिष्ठ उपप्रधान कमल सेठिया, उपप्रधान अमरीक सिंह लांबा, सैक्रेटरी नीरज जैन, कैशियर रवि बागला, श्रद्धासुमन अर्पित करते दाल बाजार के प्रधान सुरेश धीर राजा, सेतिया, दर्शन लाल बवेजा, एस. एस. खुराना, राज कुमार जैन, तजिन्द्रपाल सिंह हैप्पी, अमरीक सिंह लांबा, सुखदेव सिंह, बॉबी जे.डी., राजीव जैन हनी जिंदल, राज अरोड़ा, टोनी अरोड़ा, यशपाल आहूजा, विजय सिंघानिया, दलजीत सिंह टक्कर, कुलदीप, राजिन्द्र छाबड़ा ओटाया विनीत जैन, बजरंग अग्रवाल, योगेश सचदेवा, राजन लूथरा, राजन जैन, एडवोकेट रजनीश लखनपाल, रछपाल सिंह लांबा, मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा, आंसल अस्टेट्ज से एस.एस. सूरज खुराना, राजिन्द्र छाबड़ा ओटाया, , किडक्लब से टोनी कुमार अरोड़ा, मिडास , निट्स से राज ) अरोड़ा, राज कुमार, राजू जैन, न्यू लिबास हौजरी से सुखदेव सिंह, राजीव जैन चमन, एन.टी. लूथरा गारमेंट्स से तजिन्द्रपाल सिंह हैप्पी, विजय कुमार सिंघानिया, यशपाल आहूजा, मुनीष आहूजा, सुभाष अरोड़ा, यश नारंग, नाइसवे कलैक्शन से हनी जिंदल, मोंटू चोपड़ा, बलविन्द्र सिंह गुरु नानक, टिंकू मरवाहा, दलजीत सिंह टक्कर, बजरंग अग्रवाल, राजू सालविया, सुरजीत सिंह, दविन्द्र जसबीर सिंह ग्रोवर, कंवरजीत सिंह, बॉबी जे.डी., सचिन अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा, कुलदीप लोफटी, योगेश सचदेवा हैप्पी, तजिन्द्र सिंह, इशविन्द्रपाल सिंह, अमरजोत सिंह, गुरमन्नत सिंह, जसदीप सिंह, लक्ष्य ग्रोवर, अमृतपाल सिंह, जतिन्द्र मोहन सिंह, रणजीत सिंह, राजिन्द्र ग्रोवर, हरप्रीत सिंह, तनवीर सिंह, सिमरनजीत सिंह, हर्षदीप सिंह, सुरेन्द्रपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, हरजिन्द्र सिंह, गगनदीप सिंह, विनीत दमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, जैन, राजीव राजा के अलावा भारी जनसमूह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## अमृतसर में 2 पक्षों में पत्थरबाजी के बाद फायरिंग, गोली लगने से 10 साल की बच्ची गंभीर घायल, पुलिस तैनात



अमृतसर/यूटर्न/12 मई। अमृतसर के मजीठा हलके के गांव नाग कलां में रंजिश के चलते हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। मामूली कहासुनी उस समय खूनी झड़प में बदल गई जब 2 पक्षों के बीच विवाद के दौरान गोली चल गई और 10 साल की एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को पहले मजीठा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है और वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपियों की तलाश में रेड कर रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी और उसी के चलते यह हिंसक घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

## मौसम में बदलाव, राजनीति में गर्मी; किस और जाएगा पंजाब

### लॉ एंड ऑर्डर , भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों हुई मुखर

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। मौसम विभाग में गर्मियों के दिनों में फिर से मौसम के बदलाव की घोषणा की है परंतु राज्य में आगामी चुनावो से पहले ही जिस प्रकार की जेम गई का दौर शुरू है इससे राज्य में अनिश्चिता की स्थिति बनती जा रही है लोगों में घबराहट है की आने वाले दिनों में पंजाब के हालात क्या होंगे। पिछले कुछ दिनों के किस्सों में कैबिनेट मंत्री का ई डी द्वारा गिरफ्तार किया जाना सीबीआई का राज्य की विजिलेंस के अधिकारियों पर रेड करना एक विधायक के पीए का पत्रकार सम्मेलन में खुलकर सामने आना विधायक को और मंत्रियों के किस्से खुलकर सामने आना और आम आदमी पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचना शामिल है।




**वोटर हुआ परेशान, डर का माहौल बढा...**उपरोक्त हालातो के अलावा विपक्षी पार्टिया इन दिनों आरोपो की बौछार कर रही है सत्ताधारी पार्टी भी इसके जवाब में काफी मुखर है और क्षेत्रीय पार्टियों के अलावा भाजपा को भी जमकर कोसा जा रहा है भाजपा के स्थानीय नेता जो फीडबैक ऊपर भेज रहे हैं और सत्ताधारी पार्टी के विरुद्ध भेजा जा रहा है कई नेताओं का मानना है कि इसके बदले में मंत्री और अधिकारियों पर कारवाइयां बढ़ रही हैं जबकि कुछ एक का मानना है कि ऐसा पहले से ही प्लांट था जिसे अब अमली रूप दिया जा रहा है ।

**नेताओं की बयान बाजी अदालतों तक पहुंची...**भाजपा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को मानहानि का नोटिस भेजा है। सीएम भगवंत मान ने (6 अप्रैल) कहा था कि बम धमाके इखढ ने कराए हैं। इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने यह नोटिस भेजा। उन्होंने सारे प्लेटफॉर्म से बयान हटा 7 दिन में माफी मांगने को कहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री मान ने कहा था कि अमृतसर-जालंधर में छोटे-मोटे ब्लास्ट हुए हैं। चुनाव से पहले भाजपा हर स्टेट में ऐसे ब्लास्ट-दंगे कराती है।

**बम धमाकों से सत्ता विरोधी लहर का खतरा...**राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार पंजाब में 2017 और 2022 के चुनाव से पहले ब्लास्ट सत्ता विरोधी लहर पैदा करते हैं। वोटर शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल चाहते हैं, प्रमुख जगहों पर धमाकों से जनता के मन में डर बैठ जाता है।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम पर जांच अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित



चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के मामलों की जांच को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से 12 मई 2026 को रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में जांच अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न थाना क्षेत्रों और अन्य जांच इकाइयों से कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अदालत चंडीगढ़ की अधिवक्ता मंजित कौर उपस्थित रहीं। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की जांच के दौरान आवश्यक कानूनी और प्रक्रियात्मक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र में विशेष रूप से कानून के पालन, पेशेवर कार्यशैली और जांच से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं पर जोर दिया गया। इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों की जांच संबंधी क्षमता को मजबूत करने और मामलों को प्रभावी ढंग से संभालते हुए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील मामलों की जांच में अधिक दक्ष और जागरूक बनाना है, ताकि पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके।

## भीषण गर्मी में 30 लोगों ने सेक्टर 2 में किया रक्तदान



पंचकूला/यूटर्न/12 मई। अस्पतालों में रक्त कॉम्पोनेंट्स की कमी को पूरा करने हेतु श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी एवं निफा चंडीगढ़ द्वारा ब्लड बैंक, सिविल हॉस्पिटल पंचकूला के सहयोग से मरीजों की सहायता के लिए सेक्टर 2 में रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के ब्लड कैंप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह रावत एवं विनीत जगोता के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान शिविर में सेंचुरियन ब्लड डोनर सत्यवान सिंह का विशेष योगदान रहा। निफा चंडीगढ़ एवं श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से आजकल लगभग सभी अस्पतालों में रक्त एवं रक्त कंपोनेंट्स की बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है, जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है। हमारी संस्था द्वारा लगभग हर रोज रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है।

# कैरियर काउंसलिंग से युवाओं को मिली सफलता की सही राह : डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल





दलजीत अज्नोहा

जालंधर/यूटर्न/12 मई। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, पंजाब द्वारा आयोजित केरियर काउंसलिंग सेशन 2026 अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 900 विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही कैरियर दिशा प्रदान कर उनके भविष्य को बेहतर बनाना था।

इस सत्र में जालंधर सहित आसपास के कई शहरों एवं स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से शामिल संस्थानों में एसपीएन कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुकेरियां; स्कूल ऑफ एमिनेंस, आदमपुर; संत बाबा ओंकार नाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कला बकरा; स्प्रिंग बेल डे बोर्डिंग स्कूल, लुधियाना; जीएसएसएस बस्ती जोधेवाल; जीएसएसएस हजारा; आइवी वर्ल्ड स्कूल, जालंधर; तथा सेंट जोसेफ स्कूल, गुरदासपुर शामिल रहे। इसके अलावा मोहाली, पटियाला, अमृतसर, बटाला सहित अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

यह कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हीरो ग्रुप की पहल BML Munjal University तथा आइवी वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों डॉ. अनुप धर, डॉ. सौम्यजीत भार, डॉ. सरस्वती वैद्यनाथन तथा अजय महाजन ने विद्यार्थियों को कैरियर चयन, उच्च शिक्षा, भविष्य की संभावनाओं एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि ऐसे काउंसलिंग कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने तथा उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में राज्य चेयरमैन मनमोहन मित्तल, राज्य महासचिव अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश गोयल, राज्य महिला अध्यक्ष सिमरन अग्रवाल के साथ-साथ संतोष मित्तल, संजय गुप्ता, शांत गुप्ता, राजन गुप्ता, अशोक गुप्ता, नित्या गुप्ता एवं साक्षी गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी गुप्ता ने प्रभावशाली ढंग से किया।

# LPG गोदामों पर फायर सेफ्टी की विशेष जांच, कई जगह मिलीं खामियां





चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। शहर में आगजनी की घटनाओं को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ के फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज विंग ने मंगलवार को विभिन्न एलपीजी गोदामों में विशेष फायर सेफ्टी निरीक्षण अभियान चलाया। यह अभियान संयुक्त आयुक्त एवं चीफ फायर ऑफिसर डॉ. इंद्रजीत की निगरानी में संचालित किया गया। निरीक्षण अभियान के दौरान फायर विभाग की टीमों ने एलपीजी गोदामों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यशील स्थिति, इमरजेंसी एग्जिट, गैस सिलेंडरों के भंडारण के तरीके, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन वाहनों की पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की। साथ ही अनिवार्य फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की भी जांच की गई। फायर अधिकारियों ने गोदामों में कार्यरत कर्मचारियों को आग बुझाने वाले उपकरणों के सही इस्तेमाल की ट्रेनिंग भी दी। इसके अलावा आपात स्थिति में बचाव, निकासी प्रक्रिया और एलपीजी स्टोरेज से जुड़े सुरक्षा उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान कई एलपीजी गोदामों में फायर सेफ्टी संबंधी गंभीर खामियां पाई गई। कुछ गोदाम बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और अनिवार्य फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के संचालित होते मिले। इस पर चिंता जताते हुए डॉ. इंद्रजीत ने कहा कि इस तरह की लापरवाही न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की जान-माल और आसपास के रिहायशी इलाकों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने संबंधित स्टेशन फायर अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम संचालकों से तय समय सीमा के भीतर सभी कमियों को दूर करवाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि नियमों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज विभाग ने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि ज्वलनशील और खतरनाक सामग्री से जुड़े कारोबार में फायर सेफ्टी मानकों का सख्ती से पालन करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## पीएसईबी की 12वीं क्लास का रिजल्ट आज होगा घोषित, pseb.ac.in से कर सकेंगे परिणाम चेक

पंजाब/यूटर्न/12 मई। जाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड (पीएसईबी) की ओर से आज यानी 13 मई को पीएसईबी की 12वीं क्लास का रिजल्द जारी किया जाएगा। पंजाब बोर्ड कक्षा बारहवीं रिजल्ट की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की जाएगी। रिजल्ट स्ट्रीम वाइज जारी किया जाएगा। परीक्षा में शामिल हुए छात्र रिजल्ट को ऑफिशियल वेबसाइट pseb.ac.in पर जाकर देख व डाउनलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा रिजल्ट के साथ-साथ राज्य में टॉप करने वाले छात्रों के नाम की भी घोषणा की जाएगी। पंजाब बोर्ड कक्षा बारहवीं की परीक्षा में शामिल हुए छात्र वेबसाइट के अतिरिक्त एसएमएस के माध्यम से भी अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। एसएमएस के जरिये रिजल्ट चेक करने के लिए सबसे पहले इस नंबर 5676750 पर पीबी12 लिखकर उसके साथ अपना रोल नंबर टाइप करके भेजना होगा। कुछ मिनटों बाद इनबॉक्स में रिजल्ट बेज दिया जाएगा।




## ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन ने पंजाब सरकार के जुल्म के खिलाफ सड़क और हाई कोर्ट में लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है



सोनू टुटेजा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष हरगोबिंद कौर ने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि अलग-अलग जिलों में डिप्टी कमिश्नर द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर्स की ड्यूटी जबरदस्ती जनगणना, दवा सर्वे, आर्थिक सर्वे में लगाई जा रही है, जिसके खिलाफ संगठन ने डायरेक्टर को विरोध नोटिस भेजा है और ड्यूटी लगाने वाले डिप्टी कमिश्नर को कानूनी नोट भेजे हैं। आंगनवाड़ी वर्कर्स की ड्यूटी लगाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है और आदेश में कहा गया है कि अगर आंगनवाड़ी वर्कर्स अपनी ड्यूटी नहीं करेंगी तो उनकी सेवाएं खत्म कर दी जाएंगी। एक तरफ तो मंत्री बलजीत कौर विधानसभा में खड़ी होकर बयान देती हैं कि आंगनवाड़ी वर्कर्स सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, वे समाजसेवी हैं, उन्हें न्यूनतम वेतन तो दूर, ग्रेड भी नहीं दिया जा सकता। दूसरी तरफ सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स की अलग-अलग सर्वे में ड्यूटी लगा रही है। संगठन ने कहा है कि अलग-अलग समय पर माननीय हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि आंगनवाड़ी वर्करों से उनके काम के बिना एक्स्ट्रा काम नहीं लिया जा सकता, लेकिन फिर भी आंगनवाड़ी वर्करों की ड्यूटी जबरदस्ती लगाई जा रही है। जिसका हमारा संगठन कड़ा विरोध करता है, इसीलिए धरने के बारे में डायरेक्टर सोशल सिक्योरिटी, महिला एवं बाल विकास को नोटिस भेजा गया है और कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए श्री राजविंदर सिंह बैंस, लवनीत सिंह ठाकुर के जरिए जिला डिप्टी कमिश्नर को नोट भेजे गए हैं।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था : दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर बैग चोरी, CCTV में कैद वारदात





लुधियाना /यूटर्न/12 मई। शहर के मुख्य चल पहल वाले इलाके विश्वकर्मा चौक से दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां नामी कारोबारी की खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर बैग लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार ड्राइवर मालिक अशोक जैन को बुलाने के लिए 5 मिंट के लिए वाहन छोड़कर गया था, इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की पूरी तस्वीरें पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। फुटेज में एक युवक को शीशा तोड़कर बैग निकालते और मौके से फरार होते हुए देखा जा सकता है। इस घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कोटकपूरा गोलीकांड मामला: 11 साल पुराने केस में चंडीगढ़ कोर्ट पहुंचे सुखबीर बादल, अब यहीं चलेगा ट्रायल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। पंजाब के बहुचर्चित कोटकपूरा गोलीकांड मामले में शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल मंगलवार को अन्य आरोपियों के साथ चंडीगढ़ जिला अदालत में पेश हुए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की सुनवाई अब फरीदकोट की बजाय चंडीगढ़ सेशन कोर्ट में होगी। फरीदकोट की अतिरिक्त सत्र अदालत ने 2 मई को आदेश जारी कर सभी आरोपियों को 12 मई को चंडीगढ़ अदालत में पेश होने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को मामले से जुड़ी विभिन्न एफआईआर और ट्रायल को चंडीगढ़ ट्रांसफर करने का फैसला सुनाया था।

मामले में 7 अगस्त 2018 को दर्ज एफआईआर के तहत आईपीसी की धारा 307, 323, 341, 201, 218, 120-बी और 34 सहित आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। इसके अलावा 14 अक्टूबर 2015 की घटना से जुड़ी अन्य एफआईआर भी अब चंडीगढ़ अदालत में एक साथ सुनी जाएंगी। इन मामलों में हत्या के प्रयास, हिंसा, आपराधिक साजिश और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप शामिल





हैं। दरअसल, यह मामला 14 अक्टूबर 2015 को पंजाब के कोटकपूरा और बेहबल कलां में हुई पुलिस फायरिंग से जुड़ा है। उस समय बरगाड़ी और बुर्ज जवाहर सिंह वाला गांवों में हुई बेअदबी की घटनाओं के विरोध में लोग प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों को हटाने के दौरान पुलिस ने गोलीबारी की थी। बेहबल कलां में हुई फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कोटकपूरा में कई प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। घटना के बाद यह मामला पंजाब की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन गया था। केस में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम भी सामने आए थे, जिनमें पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी का नाम भी शामिल है।

हाईकोर्ट ने यह फैसला आरोपी पुलिस अधिकारियों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि संबंधित कई मामलों की सुनवाई पहले ही चंडीगढ़ ट्रांसफर की जा चुकी है, इसलिए सभी जुड़े मामलों का ट्रायल एक ही अदालत में होना चाहिए। अब इस हाई-प्रोफाइल मामले की आगे की सुनवाई चंडीगढ़ सेशन कोर्ट में होगी, जिस पर पंजाब की राजनीतिक और कानूनी हलकों की नजर बनी हुई है।

# पार्किंग विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिलाओं से मारपीट और धमकाने का आरोप

डेराबस्सी/यूटर्न/12 मई। पीरमुछल्ला स्थित बॉलीवुड हाइट्स-2 सोसायटी में पार्किंग विवाद को लेकर शुरू हुआ झगड़ा अब पुलिस केस तक पहुंच गया है। थाना ढकोली पुलिस ने महिला से मारपीट, धमकियां देने और साजिश रचने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में सारिका गुप्ता निवासी बॉलीवुड हाइट्स-2 ने बताया कि उनके पति संदीप सिंगला सोसायटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान हैं। 8 मई को सोसायटी में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें दीपक महाजन, उनकी पत्नी पूजा महाजन, विशाल चौहान और उसकी पत्नी

**समझौते का दबाव बनाने पहुंचे व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में केस दर्ज**

रीतू चौहान पर उनके पति के साथ हाथापाई और गाली-गलौज करने के आरोप लगे। शिकायत के अनुसार, झगड़े के दौरान संदीप सिंगला की सोने की चेन भी गायब हो गई थी। घायल अवस्था में उन्हें सरकारी अस्पताल ढकोली में भर्ती करवाया गया था।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि 10 मई की सुबह वह और उनकी पड़ोसी बबीता नेगी पार्क में बैठी थीं, तभी प्रमोद अरोड़ा वहां पहुंचा और पुराने मामले में समझौता करने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर प्रमोद अरोड़ा ने बबीता नेगी के साथ कथित तौर पर थप्पड़, मुक्कों और बाल पकड़कर मारपीट की तथा उनके कपड़े फाड़ दिए। बीच-बचाव करने आई सारिका गुप्ता के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि आरोपी ने महिलाओं को जान से मारने, निर्वस्त्र कर जुलूस निकालने और दुष्कर्म करवाने जैसी धमकियां दीं। आरोप है कि आरोपी ने रिवॉल्वर होने की बात कहकर डराने की भी कोशिश की। घटना के बाद दोनों महिलाओं को उपचार के लिए सीएचसी ढकोली में भर्ती करवाया गया।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 83 लाख की साइबर ठगी, फर्जी बैंक खाता बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/12 मई। क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा देकर 83 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने नाम पर फर्म बनाकर बैंक खाता खुलवाया था और बाद में उसे साइबर ठगों को बेच दिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके बेटे, जो डिजिटल मार्केटिंग का कार्य करता है, को फेसबुक पर एक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट



आई। इसके बाद व्हाट्सएप चैट और कॉल के जरिए महिला ने उसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच दिया।

आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के लिंक भेजकर शुरूआत में छोटे मुनाफे दिखाए, जिससे पीड़ित का भरोसा जीत लिया गया। इसके बाद निवेश, कमीशन फीस और वेरिफिकेशन फीस के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में लगातार रकम ट्रांसफर करवाई गई। आरोपियों ने पीड़ित से कुल 83,22,928 रुपये ठग लिए। थाना प्रभारी पीएसआई युद्धवीर सिंह ने बताया कि जब पीड़ित ने मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने अतिरिक्त फीस मांगनी शुरू कर दी और बाद में संपर्क बंद कर दिया। खुद को ठगी का शिकार समझने पर पीड़ित ने 27 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# PM मोदी की बचत की अपील के बाद जमाखोरी का डर बढ़ा, हर तरफ खरीदारी में तेजी

PM नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सोने की खरीदारी से बचने, विदेश यात्रा टालने, ईंधन बचाने और 'वर्क-फ्रॉम-होम' (घर से काम करने) के तरीकों को फिर से अपनाने की अपील की थी। इसके बाद एक अनचाहा असर देखने को मिल रहा है: जमाखोरी के शुरूआती संकेत। शहरों भर में थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और आम उपभोक्ता ईंधन, खाने का तेल और घर की जरूरी चीजों का स्टॉक जमा करने लगे हैं। उन्हें डर है कि कहीं इन चीजों की कमी न हो जाए या कीमतें अचानक बढ़ न जाएं। ज्वेलरी बाजार में, मांग कम होने के बजाय, इस सलाह के बाद खरीदारी में अचानक तेजी आ गई है। ग्राहक बढ़ती कीमतों या भविष्य में लगने वाली पाबंदियों के डर से जल्दबाजी में खरीदारी कर रहे हैं। ट्रैवल ऑपरेटर भी आखिरी समय में होने वाली अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में अचानक उछाल देख रहे हैं, क्योंकि लोग किसी भी संभावित पाबंदी से पहले ही यात्रा कर लेना चाहते हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

इसके पीछे की सोच का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। जब सरकार बचत या संयम बरतने की अपील करती है, तो आम लोग अक्सर इसे आने वाले मुश्किल समय की चेतावनी मान लेते हैं। जिस बात का मकसद सावधानी बरतना होता है, वह जल्द ही घबराहट में की गई हरकत में बदल जाती है।

प्रधानमंत्री के इस संदेश के पीछे का व्यापक आर्थिक मकसद साफ है। वैश्विक तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बाहरी अनिश्चितताओं के बढ़ने के कारण, भारत पर अपने आयात बिल, मुद्रा की स्थिरता और महंगाई को लेकर दबाव बढ़ रहा है। सोना और विदेश यात्रा, विदेशी मुद्रा भंडार पर काफी बोझ डालते हैं, जबकि ईंधन की खपत का सीधा असर 'चालू खाता घाटा' (Current Account Deficit) पर पड़ता है। 'वर्क-फ्रॉम-होम' को बढ़ावा देने से भी कम समय के लिए ईंधन की मांग को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

हालांकि, जमाखोरी से स्थिति और भी बिगड़ सकती है, जिसे सुधारने की कोशिश में सरकार लगी हुई है। अगर उपभोक्ता घबराहट में आकर ईंधन या जरूरी सामान की खरीदारी करने लगते हैं, तो आपूर्ति श्रृंखला (Supply Chain) में बनावटी तौर पर कसाव आ जाता है और कीमतें, उनके असल मूल्य से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ने लगती हैं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान कम आय वाले परिवारों और छोटे कारोबारियों को होता है। सोने के मामले में, खरीदारी की होड़ के कारण कम समय के लिए सोने का आयात और भी बढ़ सकता है, जो कि सरकार के सोचे हुए नतीजे के बिल्कुल उलट होगा। इसके कुछ क्षेत्रीय असर भी हो सकते हैं। 'वर्क-फ्रॉम-होम' की तरफ फिर से झुकाव बढ़ने से शहरी खपत में कमी आ सकती है। इसका असर परिवहन सेवाओं, रेस्तरां, खुदरा व्यापार और कमर्शियल रियल एस्टेट पर पड़ सकता है—ठीक उस समय, जब ये सभी क्षेत्र पिछली रुकावटों के बाद फिर से पटरी पर लौट रहे थे।

साथ ही, इस सलाह को किसी आसन्न संकट के संकेत के बजाय, एक तरह के 'व्यवहारिक अनुशासन' की अपील के तौर पर भी देखा जा सकता है। ऐसा लगता है कि सरकार पहले से ही एहतियाती कदम उठा रही है, ताकि बाहरी झटकों के तेज होने से पहले ही मांग को संतुलित किया जा सके और संसाधनों को बचाया जा सके। असली चुनौती लोगों की सोच और धारणा को संभालने में है। अगर आपूर्ति की स्थिरता और आर्थिक मजबूती को लेकर लोगों को साफ तौर पर आश्वस्त न किया जाए, तो सरकार की अच्छी नीयत वाली अपीलें भी लोगों में घबराहट पैदा कर सकती हैं। और अर्थशास्त्र में, भावनाएँ अक्सर नीतियों की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बदलती हैं — और कभी-कभी इसके ऐसे परिणाम सामने आते हैं, जिन्हें नियंत्रित करना मूल समस्या से भी कहीं अधिक कठिन होता है।

Uturn Time 13 May 2026_Layout 2 12-05-2026 23:22 Page 11



# वार्ड-16 में भाजपा शक्ति प्रदर्शन, शैफाली जैन बोलीं भाजपा सरकार की नीतियों से तेज होगा जीरकपुर का विकास







अजीत झा

जीरकपुर/यूटर्न/12 मई। नगर निकाय चुनावों के बीच जीरकपुर का वार्ड नंबर-16 सोमवार को राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहा, जहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सभा के दौरान भाजपा नेताओं ने विकास, जनसुविधाओं और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनता के सामने अपनी प्राथमिकताएं रखीं। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

जनसभा में जीरकपुर प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता, भाजपा नेता संजीव खन्ना, गुरदर्शन सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने लोगों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा की। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शैफाली जैन ने कहा कि वार्ड नंबर-16 की जनता का अपार समर्थन यह दशार्ता है कि लोग भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर विश्वास जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा जनता के बीच रहकर काम करने वाली पार्टी रही है और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों के चलते जीरकपुर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वार्ड में सड़कें, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा के दौरान स्थानीय लोगों ने भी क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याएं नेताओं के सामने रखीं। इनमें सफाई व्यवस्था, जल निकासी, टूटी सड़कें और ट्रैफिक जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। भाजपा नेताओं ने इन मुद्दों के जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी वादों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जमीन पर विकास कार्यों को अमल में लाने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-16 के सर्वांगीण विकास के लिए पार्टी लगातार कार्य करेगी और जनता के सहयोग से क्षेत्र को बेहतर बनाया जाएगा। जनसभा के दौरान भाजपा कार्यकताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी समर्थकों ने भाजपा के पक्ष में नारेबाजी कर माहौल को चुनावी रंग में रंग दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की मौजूदगी को भाजपा नेताओं ने सकारात्मक संकेत बताया। कार्यक्रम के अंत में शैफाली जैन ने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

# प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज द्वारा नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

निर्मल सिंह विर्क

पानीपत , यु-टर्न 12 मई । फ्लोरेंस नाइटिंगेल, आधुनिक नर्सिंग की जननी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष में प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बडौली , पानीपत में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस वर्ष की थीम हमारी नर्सेस, हमारा भविष्य । नर्सिंग की आर्थिक शक्ति क्योंकि सशक्त नर्सेस जीवन बचाती है, पर आधारित कार्यक्रम में नर्सेस का नर्सिंग क्षेत्र में योगदान और महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, डॉक्टर प्रेम कैंसर हॉस्पिटल ,डॉक्टर प्रेम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज मुटनेजा , उपाध्यक्ष डॉक्टर रचना मुटनेजा जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण



के किया गया। इस अवसर पर वेद नर्सिंग कॉलेज एवं वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के नर्सिंग स्टाफ एवं सभी छात्र-छात्राओं ने नाइटिंगेल के पथ पर चलने की शपथ एवं सेवा करुणा और समर्पण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वेद नर्सिंग कॉलेज एवं वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की प्राचार्या निधि शर्मा ने कहा कि नर्सेस स्वास्थ्य सेवा की रीड की हड्डी है कोविड महामारी के दौरान जिस तरह नर्सिंग समुदाय ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की वह अनुकरणीय हैं। आज का दिन उनके इसी त्याग और समर्पण को सम्मान देने का दिन है। आज अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष में वेद नर्सिंग कॉलेज के द्वारा कैमला गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं काबरी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र और छात्राओं को आमंत्रित किया गया। जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं को नर्सिंग ,फिजियोथेरेपी में करियर एवं भविष्य के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सभी छात्रों को लाफ्टर थेरेपी, हाइजीन केयर के लिए जागरूक किया गया। साथ ही आज नर्सिंग के छात्रों द्वारा मॉडल प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 90 मॉडल प्रदर्शनी में लगाया गया था जो कि स्वास्थ्य से सम्बंधित अलग अलग थीम पर आधारित था,सबसे बेहतरीन मॉडल को आज के सम्मानित अतिथि मिस नवकिरण जो कि एक विख्यात अंतर्राष्ट्रीय नर्स है एवं नवकिरण नर्सिंग क्लासेज के फाउंडर है के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बडौली पानीपत के सीईओ एवं निदेशक रिटायर्ड ब्रिगेडियर जे आर सेठी, प्रशासनिक अधिकारी श्री जोगिंदर सिंह, निदेशक नर्सिंग कॉलेज श्री पॉल दिनाकरन , एन एन पाण्डेय सहित सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कनाडा पुलिस भर्ती परीक्षा में सिख को नहीं बैठने दिया, कृपाण उतारने को कहा, युवक ने मना किया तो एग्जाम हॉल से निकाला

पंजाब/यूटर्न/12 मई। कनाडा के विन्नपेग शहर में सिख युवक को पुलिस भर्ती परीक्षा में बैठने से रोका गया। एग्जामिनर ने उसे कृपाण उतारकर एग्जामिनेशन सेंटर में आने को कहा तो युवक ने कृपाण उतारने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसे एग्जामिनेशन हॉल में एंट्री नहीं दी गई और वह बिना भर्ती परीक्षा दिए लौट गया। पंजाबी युवक जसपाल सिंह गिल का कहना है कि कृपाण उसकी आस्था का प्रतीक है। जसपाल का कहना है कि पुलिस अधिकारियों ने उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश देने के बदले कृपाण उतारने की शर्त रखी थी, जिसे मानने से उसने इनकार कर दिया। अब वह इस मामले की शिकायत कनाडा के मानवाधिकार आयोग में करेगा। यह घटना कुछ दिन पहले की है, लेकिन जसपाल सिंह अब कनाडा में मीडिया के सामने आया है। वहीं, विन्नपेग पुलिस ने भी इस संबंध में अपनी सफाई जारी कर दी है।



## दादा और पिता भी थे पुलिस अफसर

जसपाल सिंह गिल का परिवार पीढ़ियों से खाकी वर्दी के जरिए समाज की सेवा करता आया है। जसपाल ने बताया कि उसके दादा और पिता भारत में पुलिस अधिकारी थे। उन्हीं को अपना आदर्श मानकर जसपाल ने भी पुलिस सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। 2021 में भारत से कनाडा (न्यू ब्रंसविक) आया जसपाल 2024 में वहां का स्थायी निवासी बना। पिछले साल नौकरी के लिए विन्निपेग शिफ्ट हुआ था।

# अनन्या पांडे का ग्लैमरस लुक चर्चा में




बॉलीवुड एक्ट्रेस **Ananya Panday** इन दिनों अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। बी-टाउन में चर्चा है कि अनन्या जल्द ही बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आ सकती हैं और अपनी इमेज को नए अंदाज में पेश कर रही हैं। वहीं, उनके पर्सनल लाइफ को लेकर भी कयासों का दौर जारी है, हालांकि एक्ट्रेस ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दिया है।

Uturn Time 13 May 2026_Layout 2 12-05-2026 23:22 Page 12



# हाई फ्लायर्स अवॉड्र्स 2026: मेधावी छात्रों की चमक से जगमगाएगा मंच, 10वीं-12वीं के टॉपर्स होंगे सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ह्लहाई फ्लायर्स अवॉड्र्स 2026ह्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष समारोह 10वीं और 12वीं कक्षा के उन मेधावी छात्रों को समर्पित है जिन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणामों से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह आयोजन न केवल एक पुरस्कार समारोह है, बल्कि एक प्रेरणादायक मंच है जहाँ विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा जाता है और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें विभिन्न बोर्डो सीबीएसई, आईएससीई और पंजाब बोर्ड के टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन की शुरूआत पिछले वर्ष की गई थी, जिसमें 250 से अधिक मेधावी छात्र और 30 प्रधानाचार्य शामिल हुए थे। 800 से अधिक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को एक यादगार सफलता बनाया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष इसे और अधिक भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष ह्लहाई फ्लायर्स अवॉड्र्स 2026ह्व का आयोजन 23 मई 2026 को दोपहर 3 बजे से गुरु नानक देव भवन में किया जाएगा। प्रवेश 2:30 बजे तक रहेगा। प्रत्येक विद्यालय से टॉप 3 मेधावी छात्रों को उनके दो शिक्षकों के साथ आमंत्रित किया गया है।



टैगोर पब्लिक स्कूल



एचवीएम स्कूल, सुभाष नगर



डीसीएम यस स्कूल



एचवीएम ग्लोबल स्कूल



श्री शालिग राम जैन पब्लिक स्कूल



नारायणा स्कूल, जालंधर बाईपास

## प्रमुख कंपनियां होंगी पार्टनर

इस कार्यक्रम का आयोजन मीडिया संस्थानों जन हितैषी न्यूज चैनल और यूटर्न टाइम न्यूजपेपर द्वारा किया जा रहा है। इसे प्रमुख समर्थन प्राप्त है रॉलसन टॉयर्स Ralson Tyres से, जबकि सहयोगी भागीदारों में Solitaire Home, CRB Collective by Rugby, DXI Design for Desire और Knit Studios शामिल हैं। आयोजकों ने सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से जोरदार अपील की है कि वे अपने मेधावी छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करें। यह मंच विद्यार्थियों को न केवल सम्मान देता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

## छात्रों की मेहनत और उपलब्धियां मंच पर होंगी प्रदर्शित

साथ ही छात्रों को भी इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, ताकि वे अपनी मेहनत और उपलब्धियों को एक बड़े मंच पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करते हैं और शिक्षा के स्तर को और ऊँचा उठाते हैं। 'हाई फ्लायर्स अवॉड्र्स 2026' निश्चित रूप से प्रतिभा, परिश्रम और सफलता का एक ऐसा उत्सव होगा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए यादगार अनुभव साबित होगा।

# वेरका की अत्याधुनिक वेंडिंग मशीन का उद्घाटन, सहकारी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

चंडीगढ़,/यूटर्न/12 मई। पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने पंजाब सिविल सचिवालय-1 में वेरका की अत्याधुनिक वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया। यह पहल मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की प्रगतिशील सोच के अनुरूप सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और उसकी पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि इन आधुनिक वेंडिंग मशीनों के जरिए उपभोक्ताओं को दूध, टेट्रापैक फ्लेवर्ड मिल्क, लस्सी, फलों के जूस, मिनरल वाटर और आइसक्रीम जैसी वस्तुएं आसानी और स्वच्छ तरीके से उपलब्ध होंगी। इससे वेरका, सोहणा और फाइव रिवर्स जैसे ब्रांड्स की बाजार में पहुंच और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि मिल्कफेड द्वारा राज्य के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी और वेंडिंग मशीनें स्थापित की जाएंगी, ताकि लोगों को ताजे और गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पाद सहज रूप से मिल सकें। इस मौके पर वेरका के नए मैस्कॉट 'गुड्डी' को भी लॉन्च किया गया, जो ब्रांड के लोकप्रिय मैस्कॉट 'वीरा' की तर्ज पर तैयार किया गया है। 'गुड्डी' के माध्यम से लैंगिक समानता और पंजाब की पारिवारिक संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया।




# अमन अरोड़ा ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री का कार्यभार संभाला, निवेश बढ़ाने पर जोर

चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने उद्योग भवन, चंडीगढ़ में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया। इस मौके पर उन्होंने राज्य को निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनाने को अपनी प्राथमिकता बताया। पदभार ग्रहण करने के बाद अमन अरोड़ा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लालफीताशाही को खत्म कर टिकाऊ उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।




# डीएमसी एंड एच द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 मनाया गया




चंडीगढ़/यूटर्न/12 मई। दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसी एंड एच), लुधियाना में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। इस वर्ष की थीम थी – "Our Nurses. Our Future. Empowered Nurses Save Lives." इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जो ज्ञान, करुणा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372